अर्थ प्रकाश 29/7/2026

# सोशल कैटलॉगिंग टूल्स से रूबरू हुए छात्र, वर्कशॉप में सीखें डिजिटल रीडिंग के नए आयाम

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**



**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, के रीडर्स क्लब ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एनडीएलआई) क्लब के सहयोग से मंगलवार को सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विषय पर वर्कशॉप आयोजित की। भारत में लाइब्रेरी आंदोलन के जनक पी. एन. पाणिक्कर की स्मृति में आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से परिचित कराना था, जो पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के साथ ज्ञान साझा करने और वैश्विक पाठक समुदाय से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

वर्कशॉप का शुभारंभ लाइब्रेरियन एवं संयोजक डॉ. गुरप्रीत सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि बदलते समय में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ज्ञान और संवाद के आधुनिक केंद्र बन चुके हैं। सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ-साथ अपने अनुभव साझा करने और नई पुस्तकों की खोज करने का बेहतर माध्यम उपलब्ध कराते हैं।

कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. आशुतोष शर्मा ने रीडर्स क्लब और एनडीएलआई क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की छात्र-केंद्रित वर्कशॉप्स विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों की समझ आज उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

वर्कशॉप का मुख्य आकर्षण गुडरीड्स, लाइब्रेरीथिंग और स्टोरीग्राफ जैसे लोकप्रिय सोशल कैटलॉगिंग प्लेटफॉर्म्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन रहा। प्रतिभागियों को इन प्लेटफॉर्म्स पर वर्चुअल बुकशेल्फ तैयार करने, पुस्तकों का डिजिटल कैटलॉग बनाने, बुक रिव्यू लिखने और साझा करने, रीडिंग प्रोग्रेस दर्ज करने, अपनी रुचि के अनुसार पुस्तक रिकमेंडेशन प्राप्त करने तथा दुनिया भर के पाठकों के साथ जुड़ने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

चंडीगढ़ सवेरा 29/7/2026

# सोशल कैटलॉगिंग टूल्स से रूबरू हुए छात्र, वर्कशॉप में सीखें डिजिटल रीडिंग के नए आयाम



वर्कशॉप में हिस्सा लेते छात्र।

**सवेरा न्यूज/नीना** चंडीगढ़, 28 जुलाई : जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के रीडर्स क्लब ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया क्लब के सहयोग से मंगलवार को सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विषय पर वर्कशॉप आयोजित की। भारत में लाइब्रेरी आंदोलन के जनक पी. एन. पाणिक्कर की स्मृति में आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से परिचित कराना था, जो पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के साथ ज्ञान सांझा करने और वैश्विक पाठक समुदाय से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। वर्कशॉप का शुभारंभ लाइब्रेरियन एवं संयोजक डॉ. गुरप्रीत सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि बदलते समय में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ज्ञान और संवाद के आधुनिक केंद्र बन चुके हैं। सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ-साथ अपने अनुभव साझा करने और नई पुस्तकों की खोज करने का बेहतर माध्यम उपलब्ध कराते हैं। कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. आशुतोष शर्मा ने रीडर्स क्लब और एनडीएलआई क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की छात्र-केंद्रित वर्कशॉप्स विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करती हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल एवं एनडीएलआई क्लब के संरक्षक डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि पारंपरिक पठन संस्कृति को डिजिटल तकनीकों से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों से लाइब्रेरी संसाधनों के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग कर अपने अकादमिक ज्ञान का विस्तार करने, आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने और आजीवन सीखने की आदत अपनाने का आह्वान किया।

दैनिक जागरण 30/7/2026

# छात्रों ने सोशल कैटलागिंग टूल्स का अनुभव किया



एसडी कालेज में आयोजित सोशल कैटलागिंग टूल्स पर आयोजित वर्कशाप में हिस्सा लेते कालेज स्टाफ के सदस्य और विद्यार्थी • स्वतः

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (एसडी) कालेज के रीडर्स क्लब ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया (एनडीएलआइ) क्लब के सहयोग से 'सोशल कैटलागिंग टूल्स' पर वर्कशाप का आयोजन किया। यह वर्कशाप भारत में लाइब्रेरी आंदोलन के जनक पीएन पाणिक्कर की स्मृति में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को डिजिटल प्लेटफार्म्स से परिचित कराना था, जो पढ़ने की आदत को बढ़ावा देते हैं। लाइब्रेरियन डा. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि लाइब्रेरी अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं। कालेज रजिस्ट्रार डा. आशुतोष शर्मा ने इस पहल की सराहना की। वर्कशाप में गुडरीड्स, लाइब्रेरीथिंग व स्टोरीग्राफ जैसे प्लेटफार्म्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों को वर्चुअल बुकशेल्फ बनाने और पुस्तकें साझा करने का प्रशिक्षण मिला।

दिव्य हिमाचल 29/7/2026

# एसडी कालेज में डिजिटल रीडिंग वर्कशॉप

## रजिस्ट्रार डा. आशुतोष शर्मा ने छात्रों से साझा किए विचार

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**



चंडीगढ़। वर्कशॉप में शामिल एसडी कालेज के छात्र

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के रीडर्स क्लब ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया एनडीएलआई क्लब के सहयोग से मंगलवार को सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विषय पर वर्कशॉप आयोजित की। भारत में लाइब्रेरी आंदोलन के जनक पीएन पाणिक्कर की स्मृति में आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से परिचित कराना था। जो पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के साथ ज्ञान साझा करने और वैश्विक पाठक समुदाय से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। वर्कशॉप का शुभारंभ लाइब्रेरियन् एवं संयोजक डा. गुरप्रीत सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि बदलते समय में लाइब्रेरी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ज्ञान और संवाद के आधुनिक केंद्र बन चुके हैं। सोशल कैटलॉगिंग टूल्स विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ-साथ अपने अनुभव साझा करने और नई पुस्तकों की खोज करने का बेहतर माध्यम उपलब्ध कराते हैं। कॉलेज के रजिस्ट्रार डा. आशुतोष शर्मा ने रीडर्स क्लब और एनडीएलआई क्लब की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की छात्र केंद्रित वर्कशॉप्स विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करती हैं।